हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



स्वास्थ्य मंत्री धन दा ने दी गुड न्यूज़, प्रदेश को मिलेंगे 245 एमबीबीएस डॉक्टर 4

वर्ष : 10 अंक : 304 देहरादून, शनिवार, 04 जून, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

# जीते धाकड़ धामी, चम्पावत की बम्पर हामी

## 54,000 का बड़ा अंतर



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए यू तो चंपावत की लड़ाई जीतना कोई मुश्किल काम नहीं था। लेकिन सवाल इस बात का था कि खटीमा से हार के बाद क्या पुष्कर सिंह धामी नए रिकॉर्ड के साथ जीतकर विधानसभा पहुंचेगे ? राजनीतिक पंडित और खुद मुख्य विपक्षी कांग्रेस भी ये मानकर चल रही थी कि चंपावत में मुख्यमंत्री की जीत तय है , लिहाजा उन्होंने ऐसा उम्मीदवार उतारा जो एक तरह से मुख्यमंत्री के लिए वॉक ओवर के समान था. आपको बता दें कि मतगणना के पहले राउंड से ही सीएम धामी 3600 वोटों से आगे चल रहे थे और यह तादाद 9 राउंड की मतगणना के बाद 35000 के पार पहुंच गई। वहीं कांग्रेस की उम्मीदवार निर्मला गहतोड़ी को 2000 से भी कम वोट मिले थे।

दरअसल नतीज़ा तो तभी साफ़ हो गया था जब चंपावत उपचुनाव में 10वें राउंड की काउंटिंग में कुल 45,649 मतों की गिनती हुई तो सीएम धामी को 42,573 वोट मिल चुके थे और कांग्रेस की निर्मला गहतोड़ी को 2,189 वोट मिले थे इसके पहले 3 राउंड की काउंटिंग पूरी होने तक सीएम धामी की बढ़त 33,966 हो चुकी थी

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में बीजेपी विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरी थी। पुष्कर सिंह धामी अपनी परंपरागत खटीमा सीट से चुनाव मैदान में थे , लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार भुवन कापड़ी ने उन्हें अप्रत्याशित रूप से हरा दिया था। जिसके बाद चंपावत उपचुनाव हुआ और यहां से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिकॉर्ड मतों से जीतकर अपनी धमक को बरकरार रखा है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की इस जीत के कई मायने भी अब सामने निकल कर आ रहे हैं।



एक तो केंद्र के भरोसे पर सीएम धामी खरे उतरे , वही उन्होंने बता दिया है कि आने वाले कुछ सालों में अब उनके पीछे ही सारे नेता होंगे और वही प्रदेश में सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ा चेहरा बन चुके हैं। अब इसमें कोई दो राय नहीं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ही जीत की पटकथा लिखेंगे। बताया जा रहा है कि पुष्कर सिंह धामी चंपावत की जीत के बाद जल्द ही दिल्ली का दौरा करेंगे और आलाकमान से मिलकर आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद पूरी तरह से अपनी सरकार के कामकाज और विकास योजनाओं पर फोकस कर 100 दिन के एजेंडे पर आगे बढ़ेंगे। चंपावत की इस जीत के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि इस विधानसभा के दिन बहूरेंगे और मुख्यमंत्री से जुड़ जाने के बाद चंपावत चमकेगा। रहा है कि धामी की धमक से उत्तराखंड में इस जीत की गूंज देर और दूर तक सुनाई देगी...









# मुख्यमंत्री धामी की बंपर जीत पर मंत्री गणेश जोशी ने बजाई ढोल, थिरके और दी बधाई





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सैनिक कल्याण एवं कृषि मंत्री, गणेश जोशी के कार्यालय में चम्पावत जीत के बाद जबरदस्त जश्न का माहौल रहा। चम्पावत उप चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक और एकतरफा जीत के इस जश्न के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी खासे उत्साहित नजर आए। एक - एक कार्यकर्ता को अपने हाथों से मिठाइयां खिलाते और आतिशबाजी करते सैनिक कल्याण मंत्री ने जमकर ढोल बजाया और नाचते दिखाई दिए।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपनी सहज नेतृत्व क्षमता और जबरदस्त लोकप्रियता के बूते राज्य की जनता के दिलों में जो जगह बनाई है, उससे पूरे राज्य के भाजपा कार्यकर्ता जश्न में सराबोर हैं। सैनिक कल्याण मंत्री, गणेश जोशी का इस प्रकार जश्न मनाना इसलिए भी स्वाभाविक है कि वह चम्पावत उप चुनाव में अधिकांश समय चम्पावत विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के प्रचार अभियान की अगवानी करते रहे। पहले चरण में 15 मई से 23 मई तक और दूसरे चरण में 25 मई से 29 मई तक वह चम्पावत विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार की कमान अन्य नेताओं संग खुद संभाले रहे। साथ ही क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को भाजपा के पाले में लाने के लिए पूर्व सैनिकों की पूरी टीम के साथ लगातार डटे रहे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जब हम अपनी पूरी टीम के साथ चम्पावत विधानसभा में चुनाव में जनता को धामी सरकार की योजनाओं और कार्यवाहियों के बारे में बता रहे थे। तभी जनता ने यह मन बना लिया था कि मुख्यमंत्री धामी को एकतरफा जिताना है। आज मुख्यमंत्री 55025 मतों के ऐतिहासिक अंतर से विजयी हुए हैं। इस अवसर पर मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। साथ ही चम्पावत की जनता को भी इस जीत की शुभकामनाएं देना चाहता हूं।



# चम्पावत की जनता ने मुख्यमंत्री धामी को गले लगाया : सतपाल महाराज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश सरकार में नंबर 2 की मजबूत पोजीशन पर बैठे दिग्गज कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मुख्यमंत्री धामी को उनकी चम्पावत की प्रचंड जीत जीत पर बधाई दिया है। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन,मंत्री सतपाल महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा है कि उनकी यह जीत चंपावत ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की जीत है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने चंपावत विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत पर चंपावत की जनता को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की यह जीत चंपावत की जनता के साथ साथ पूरे प्रदेश की जनता की जीत है और निश्चित रूप से उनकी इस जीत से चंपावत सहित पूरे उत्तराखंड का समग्र विकास होगा।

हैवीवेट मिनिस्टर महाराज ने कहा कि चंपावत की जनता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विजय श्री दिला कर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी की कल्याणकारी नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के विकास कार्य और देव तुल्य कार्यकर्ताओं की कडी. मेहनत का ही परिणाम है जनता का आर्शीवाद और स्नेह लगातार हमें मिल रहा है।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# ‘चम्पावत मेरे दिल में रहेगा’ : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## जीत पर पुष्कर धामी हुए भावुक,खुशी और सम्मान में उनकी आंखे हुई नम

■ जीत पर पुष्कर धामी हुए भावुक,खुशी और सम्मान में उनकी आंखे हुई नम

■ आज़ाद हिंदुस्तान के पहले मुख्यमंत्री बने धामी जिन्हे कुल मतदान में 93% से ज्यादा वोट मिला

**मो0 सलीम सैफ़ी , समूह संपादक**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत। उपचुनाव के नतीजे बीजेपी के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। राजनीति की किताब में जहाँ नए रिकॉर्ड बने तो वहीँ करिश्माई धामी की तूफानी जीत में विपक्षी कांग्रेस के होश और सियासी दावों को बखानते तोते उड़ गए हैं।

एक बार फिर सीएम पुष्कर सिंह धामी अपनी उस अग्निपरीक्षा में पूरी दमदारी के साथ पास हुए जिसके लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसे के साथ आगे किया था। लेकिन टूटी उम्मीदों के साथ चम्पावत में लड़ने वाली कांग्रेस के लिए इस चुनाव के नतीजे बेहद निराशाजनक रहे क्योंकि प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी अपनी ज़मानत तक नहीं बचा सकीं हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी को जहां 58,258 वोट मिले, वहीं दूसरे नंबर पर रहीं गहतोड़ी को सिर्फ़ 3233 वोट ही मिल सके। यानी सीएम धामी ने कुल 55,025 वोटों से चंपावत सीट शानदार ढंग से अपने नाम की है। चम्पावत से लेकर देहरादून पार्टी मुख्यालय तक इस शानदार जीत की ढंक सुनाई दी और तमाम पार्टी नेताओं कैबिनेट मत्रियों ने मुख्यमंत्री की जीत पर उन्हें बधाइयां दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के सभी दिग्गज पदाधिकारियों ने उत्तराखंड की सीएम की इस रेकॉर्डतोड़ जीत पर उन्हें बधाई दी है।






■ चंपावत के चमत्कार की चमक से रोशन हुआ उत्तराखंड

■ करिश्माई धामी का जलवा बरकरार - कांग्रेस में हार पर हाहाकार,ज़मानत हुई ज़ब्त

**चम्पावत से बात करते हुए रो पड़े सीएम धामी – मां की बात सुनाई**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी इस ऐतिहासिक जीत के बाद चंपावत की जनता को संबोधित किया तो मंच पर वो बेहद भावुक हो गए और अपने संबोधन में अपनी मां की बात का जिक्र भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उन्हें आज फिर से वो दिन याद आ गए कि कैसे वो अपने पिता के साथ चंपावत से होते हुए अपने पैतृक गांव पिथौरागढ़ जाया करते थे। मैया बचपन में कहती थी कि चंपावत के लोग बहुत अच्छे होते हैं और आज आपने इतनी बड़ा समर्थन दे दिया। ये कहते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आंखें भर आई। काफी देर तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसी तरह शांत रहे। कुछ देर बाद उन्होंने कहा कि आज वो मेरी मां की बात सच हो गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत की जनता को विश्वास दिलाया है कि वे अपने जीवन में जहां भी रहेंगे, जिस स्थिति में रहेंगे वो हमेशा चंपावत के लोगों के दिल में रहेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी का भी अभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने इसी सीट को छोड़कर बहुत बड़ा त्याग किया है।

# चम्पावत की जीत ने प्राण प्रण से जनसेवा का दिया आदेश : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत उप चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर उत्तराखंड की जनता विशेष रूप से चम्पावत की जनता का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ₹मैं उत्तराखंड की महान जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ये उसी जनता की जीत है जिसने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को अपने सर माथे पर बिठाया है। ये आपके भरोसे की जीत है। ये जीत मुझे उत्तराखंड की जनता की सेवा में प्राणपण से जुटे रहने का आदेश दे रही है। इस मौके पर मैं अपने यशस्वी प्रधानमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिनके सतत मार्गदर्शन ने मुझे इस लायक बनाया कि आज मैं उत्तराखंड की जनता के स्नेह और आशीर्वाद का पात्र हूं। प्रधानमंत्री मोदी की सेवा, साधना और तपस्या हम सभी के लिए आदर्श का एक मानक बन चुकी है। ये एक ऐसा मानक है जिसकी ओर बढ़ते हुए हम खुद को निखारते जाते हैं, जन सेवा की राह में स्वयं को मांजते जाते हैं।

चंपावत विधानसभा का ये उपचुनाव केवल जीत हार की लड़ाई नहीं थी। इस उपचुनाव की ओट में उत्तराखंड को सजाने, संवारने और प्रगति का स्वर्णिम अध्याय रचने के स्वप्न भी छिपे हुए थे। ये 55025 वोटों की



ऐतिहासिक जीत उन्हीं सपनो को पूरा करने के संकल्प की प्रतिध्वनि है। हमने प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से उत्तराखंड की जनता के जीवन को सुखमय बनाने का यज्ञ शुरू किया है। ये जीत इस यज्ञ की पूर्णता की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम साबित होगी।

मैं अपने चंपावत के लोगों को भी यकीन दिलाता हूं कि उनकी हर पुकार, हर आग्रह, हर आदेश पर मैं स्वयं सेवा में हाज़िर रहूंगा। मैं इस प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। मेरे जीवन का मकसद ही इस प्रदेश की सेवा है। पर एक जनप्रतिनिधि होने के नाते चंपावत के प्रति मेरे कुछ विशिष्ट उत्तरदायित्व भी हैं। मैं पूरे मनोयोग और समर्पण से उन उत्तरदायित्वों की सिद्धि की कोशिश करूंगा। चंपावत की जनता ने विरोधियों को जिस छद्म जाल को अपनी

# तो ये है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीत के विनिंग फैक्टर्स

जैसी की उम्मीद थी चंपावत उपचुनाव का परिणाम भी हूबहू वैसा ही आया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस की उम्मीदवार निर्मला गहतोड़ी को करारी शिकस्त दी है। सीएम धामी ने निर्मला गहतोड़ी को 55,025 वोट से हरा दिया। निर्मला अपनी जमानत भी नहीं बचा सकीं। चंपावत उपचुनाव में कुल 61,771 वोट पड़े थे। 13 वें राउंड तक 61 हजार से ज्यादा वोट गिने जा चुके थे। उसके बाद पोस्टल बैलेट गिने गए. पोस्टल बैलेट की गिनती से पहले ही सीएम धामी ने अपराजेय बढ़त बना ली थी। आखिर में वो 55,025 से विजय हासिल करने में कामयाब रहे। इसके साथ ही सीएम धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के उपचुनाव में जीत का वोटों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया और एक नए अध्याय का आगाज़ कर दिया। जानकारों और मीडिया की नज़र में क्या है सीएम के चमत्कारिक व्यक्तित्व और प्रभावशाली जीत का फैक्टर , आइये जानते हैं -

**एक युवा मुख्यमंत्री लड़ रहे थे चुनाव –**

पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री हैं और पांचवीं विधानसभा के लिए विगत 14 फरवरी को हुए चुनावों में भाजपा ने बहुमत प्राप्त किया था। पुष्कर सिंह धामी खटीमा सीट से पराजित हुए थे, लेकिन उनके नेतृत्व में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इसलिए उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनाया गया। तभी से उपचुनाव में उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही थी।

**पुष्कर सिंह धामी का युवा व्यक्तित्व और जानापहचाना चेहरा होना –**

पुष्कर सिंह धामी युवा नेता और युवा मुख्यमंत्री के रूप में उत्तराखंड की जनता के बीच में खासे प्रचलित हैं और पांचवीं विधानसभा






के लिए हुए चुनावों में चंपावत सीट पहले से ही भाजपा के कब्जे में थी। इसलिए भी उनकी जीत निश्चित मानी जा रही थी।

**दिल्ली से बेहतर तालमेल और केंद्रीय नेताओं के बीच अच्छी छवि होना –**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि केंद्रीय नेताओं के बीच अच्छी मानी जाती है। उत्तराखंड में अपने दौरे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता उनकी तारीफ कर चुके हैं। पीएम मोदी ने तो एक रैली के दौरान सीएम धामी की पीठ भी थपथपाई थी।

**खटीमा चुनाव में हार के बाद सहानुभूति का असर –**

फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में पुष्कर सिंह धामी खटीमा सीट से हार गए थे। चंपावत उपचुनाव में मिली जीत को खटीमा में मिली हार की सहानुभूति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# स्वास्थ्य मंत्री धन दा ने दी गुड न्यूज़, प्रदेश को मिलेंगे 245 एमबीबीएस डॉक्टर

## पर्वतीय क्षेत्रों में दूर होगी डॉक्टरों की कमी, मिलेगा बेहत्तर इलाज






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पहाड़ हमेशा से ही डॉक्टरों की कमी से जूझता रहा है। इन दिनों यात्रा जारी है और इस वक़्त पहाड़ों में चिकित्सा सुविधा की बेहद जरूरत है। इस बीच प्रदेश के हेल्थ मिनिस्टर डॉ धन सिंह रावत ने बड़ी और राहत भरी खबर दी है। मंत्री रावत का कहना है कि उत्तराखंड को शीघ्र ही 245 नये डॉक्टर मिलेंगे। इन डॉक्टरों को दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा इकाईयों में नियुक्ति दी जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दिये गये हैं। राज्य में संचालित चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और सुदृढ़ बनाने के दृष्टिगत आगामी तीन माह के लिये 25-25 डॉक्टरों को यात्रा मार्ग पर स्थित चिकित्सा इकाइयों में तैनात किया जायेगा, ताकि यात्राकाल में तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सके। पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टारों की नियुक्ति होने से लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहत्तर इलाज मिल सकेगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने बताया कि शीघ्र ही

■ **यात्रा मार्गों पर स्थित चिकित्सा इकाइयों में तैनात होंगे 25-25 चिकित्सक**

राज्य को 245 एमबीबीएस डॉक्टर मिलेंगे। इन सभी डॉक्टरों को बॉण्ड व्यवस्था के अंतर्गत सूबे के दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा इकाईयों में नियुक्ति देने के निर्देश विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा चिकित्सकों के नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, जिसकी स्वीकृति मिलते ही सभी पास आउट चिकित्सकों को तैनाती दे दी जाएगी। डॉ0 रावत ने बताया कि राज्य में संचालित चारधाम यात्रा एवं कैलाश मानसरोवर यात्रा को देखते हुये यात्रा काल के लिये 25-25 डॉक्टरों को यात्रा मार्ग पर स्थित जनपदों चमोली, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चम्पावत एवं पिथौरागढ़ में तैनात किया जायेगा। ताकि तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि बॉण्ड व्यवस्था के अंतर्गत जनपद चमोली में 39, उत्तरकाशी में 25, रूद्रप्रयाग में 25, पौड़ी गढ़वाल में 12, टिहरी गढ़वाल में 18, नैनीताल में 6, बागेश्वर में 29, चम्पावत में 25, पिथौरागढ़ में 25, अल्मोड़ा

में 41 चिकित्सकों को नियुक्ति दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए सूबे में बॉण्ड व्यवस्था लागू की है, इसके तहत डॉक्टरों को एमबीबीएस करने के बाद पहाड़ के अस्पतालों में पांच सालों तक सेवाएं देनी अनिवार्य है

# वकालत की पढाई करने वाला निकला ड्रग सप्लायर एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स ने किया गिरफ्तार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखण्ड राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम हेतु नशा मुक्त भारत अभियान के तहत थाना रायपुर क्षेत्र से 97 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड अशोक कुमार द्वारा राज्य के युवाओं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य बढते नशे की प्रवृति की रोकथाम तथा अवैध नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही हेतु एसटीएफ के अधीन एन्टी ड्रग टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसके द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु नशा तस्करों की धड़पकड़ गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में 'देहरादून जिले में नियुक्त ए0डी0टी0एफ टीम द्वारा थाना रायपुर देहरादून क्षेत्र मे सहस्त्रधारा रोड पर स्थित होटल में छापा मारकर अभियुक्त *राहुल कुमार उर्फ योगी के कब्जे से 76 ग्राम स्मैक तथा अभियुक्त मोकेंद्र उर्फ मोनू थाना किरतपुर जिला बिजनौर को 21 ग्राम स्मैक






के साथ तथा नशे के अवैध व्यापार से कमाए गए अवैध 8980 रूपए बरामद करते हुए अभियुक्तगणों उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरुद्ध थाना रायपुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया है । पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2020 में अपने दोस्त के साथ 1 किलो से अधिक स्मैक के साथ एसटीएफ टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इन दिनों नगीना से लाला राधे श्याम कॉलेज से वकालत की पढ़ाई कर रहा है। वकील की फीस तथा अपने खर्चे निकालने के लिए यह कार्य कर रहा था।प्रभारी, एस0टी0एफ0, उत्तराखण्ड ने जनता से अपील की है कि वे नशे से दूर रहें । किसी भी प्रकार के लालच में आकर नशा तस्करी न करें । नशा एक धीमा जहर है जिससे खुद भी बचें तथा अपने बच्चों को भी सुरक्षित रखें । नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही हेतु तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड से सम्पर्क करें।

## विशेष साक्षात्कार : प्रेमचंद्र अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री

# जनता की सरकार द्वारा जनता का बजट पेश करने की तैयारी : अग्रवाल

मौ. फहीम 'तन्हा'देहरादून
(न्यूज़ वायरस नेटवर्क)



विधानसभा का बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण की बजाए 14 जून से देहरादून में ही शुरु होने जा रहा है, इसको लेकर हमने संसदीय कार्य, वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल से बात की है, उनसे राज्य सरकार के बजट के अलावा उनके विभागों से सम्बधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बात की, पढ़िए ये विशेष साक्षात्कार।

**प्रश्न.1- विधानसभा का बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में होने की तैयारियां हो रहीं थीं, लेकिन अब बजट सत्र देहरादून में ही होगा, इसका क्या कारण है?**

उत्तर- देखिए, आप जानते हैं कि इस बार चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या यात्रा के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ रही हैं, हालात ये हैं कि बहुत से लोग अभी भी यात्रा की प्रत्याशा में हैं, जबकि रजिस्ट्रेशन के लिए सीमित संख्या है और हमारे लिए चुनौती बनी हुई है। दूसरे, हमारे यहां पुलिस भर्ती के प्रदेशभर में कार्यक्रम चल रहे हैं, पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी उसमें भी व्यस्त हैं। इसके अलावा, हालांकि राज्यसभा का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है लेकिन उसकी 10 जून को औपचारिक घोषणा देहरादून से ही होनी है। इन सबको ध्यान में रखते हुए बहुत से विधायकों ने, श्रीबद्रीनाथ-मंदिर समिति के अध्यक्ष ने एवं कई अधिकारियों ने जो इनपुट दिया उसके हिसाब से गैरसैंण में सत्र करना एक बड़ी चुनौती थी, इसलिए 14 से बजट सत्र देहरादून में करने का निर्णय लिया गया है।

**प्रश्न.2- इस बार राज्य का बजट कैसा आने वाला है, क्या उम्मीद की जाए बजट से?**

उत्तर- देखिए, आपको बता दूँ कि वित्त मंत्री बनने के बाद मेरे मन में आया कि क्यों ना हम लोग अपने प्रदेश के हित धारकों और सामान्य लोगों से बजट को लेकर चर्चा करें कि उनकी बजट से कैसी अपेक्षा है। हमने निर्णय लिया और 14 मई को कुमाऊँ मंडल के तमाम हितधारकों, होटल व्यवसायियों, चार्टेड अकाउंटेंट, जनप्रतिनिधिगण, कृषि-बागबानी क्षेत्र एवं औद्योगिकी क्षेत्र सहित तमाम लोगों से नैनिताल में बैठकर हमने चर्चा की। उसके बाद हमने 19 मई को देहरादून में गढ़वाल मंडल के ऐसे ही लोगों के साथ बचट पर चर्चा की थी। हमने 27 मई तक सामान्य लोगों, युवाओं, व्यापारियों, छात्रों, कारोबारियों, वकीलों सहित सभी लोगों से सुझाव मांगे थे कि कैसा बजट चाहते हैं। मुझे खुशी है कि बहुत अच्छे सुझाव आए हैं जिनके अनुरूप हम बजट देने जा रहे हैं, यानि जनता द्वार चुनी गई सरकार द्वारा जनता का बजट होगा।

**प्रश्न.3- क्या इस बार का बजट टैक्स रहित होने वाला है या फिर कोई नए टैक्स लगाने की तैयारी है।**

उत्तर- देखिए, अभी ये कहना थोड़ी जल्दबाजी होगी, आप जानते हैं कि जबतक बजट पेश ना हो जाए, तो उसके कंटेन्ट्स बताना थोड़ी सी जल्दबाजी भी होगी और कुछ कहना भी ठीक नहीं हैं।

**प्रश्न.4- लेकिन वित्तीय स्थिति को लेकर राज्य पर एक चुनौती तो है, किस तरह से बैलेंस बनाने की कोशिश करेंगे, क्या सिर्फ केंद्र सरकार पर ही निर्भर रहेंगे या राज्य के अपने संसाधन बढ़ाने पर भी जोर रहेगा.**

उत्तर- हम अपने राज्य के संसाधन बढ़ाने की कोशिश भी कर रहे हैं, और केंद्र सरकार की सहायता के बिना तो उत्तराखंड ही नहीं बल्कि कोई भी राज्य उस तरह से शायद सर्वाईव नहीं कर पाएंगे। लेकिन उसके बावजूद हम अपने वित्तीय संसाधन बढ़ाने की स्थिति में हैं, कोशिश कर रहे हैं। जो भी मेरे विभाग हैं उनमें भी मैं कोशिश कर रहा हूँ कि हमारा राजस्व बढ़े ताकि जो हमारे सामने चुनौती है उससे हम पार पा सकें।

**प्रश्न.5- अतिक्रमण को लेकर क्या हम किसी प्रकार का स्पेसिफिक कदम उठाने जा रहे हैं, आजकल बुलडोजर बहुत चर्चाओं में रहने लगा है।**

उत्तर- अतिक्रमण ना हो इसके लिए हम कोशिश कर रहे हैं, मेरा अधिकारियों से सवाल ये रहता है कि यदि अतिक्रमण शुरु में ही रोक दिया जाए तो बाद में अतिक्रमण के ऊपर बुलडोजर चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अतिक्रमण हो कैसे रहा है. क्यों हो रहा है, कहां है हम लोग। जो संबधित अधिकारी कर्मचारी हैं यदि वे अतिक्रमण होने दे रहे हैं तो क्यों ना उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। मैंने विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा है कि अतिक्रमण के समय वे कहां थे, क्यों ना अतिक्रमण के लिए उनकी जिम्मेदारी फिक्स की जाए। लेकिन आप जानते हैं कि अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है, ज्वलंत समस्या है, गंभीर समस्या है, हम कोशिश कर रहे हैं कि कैसे उससे निजात पा सकें। आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि जनता खुद भी अतिक्रमण ना करे।

**प्रश्न.6- एक महत्वपूर्ण मुद्दा ये भी है कि एमडीडीए के बायलॉज के हिसाब से 100 गज के प्लॉट में भी 10फुट आंगन छोड़ना पड़ता है, यदि दोनों तरफ सड़क है तो फिर दोनों तरफ 10-10 फुट छोड़ना पड़ता है, गरीब सामान्य परिवार 100 गज में इतना हिस्सा छोड़ नहीं पाता तो नक्सा पास नहीं होता और बिना नक्से का मकान बन जाता है फिर इसकी आड़ में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।**

उत्तर- ऐसी स्थिति तो वाकई गंभीर है, यदि इससे आम जनता को दिक्कत हो रही है और एक समस्या बन रही है तो इस स्थिति को लेकर मैं विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करुंगा और आम जनता को राहत के लिए जो सम्भव होगा वो कदम उठाया जाएगा।



# लोकसभा अध्यक्ष पहुंचे ऋषिकेश स्पीकर खंडूरी ने की मुलाकात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उत्तराखंड आगमन पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में लोकसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की । इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। आपको बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष परमार्थ निकेतन के संस्थापक चिदानंद मुनि जी महाराज के जन्म दिवस पर ऋषिकेश पहुंचे हैं । इस दौरान ऋतु खंडूडी ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की ।

इस मुलाकात के दौरान लोकसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच उत्तराखंड से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा वार्ता हुई वहीं लोकसभा अध्यक्ष ने आहुत होने वाले बजट सत्र के संबंध में भी विधानसभा अध्यक्ष से जानकारी ली । इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद थे।

# निर्विरोध राज्यसभा पहुंची डॉ कल्पना सैनी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड से राज्यसभा सदस्य का निर्विरोध चुनाव जीत लिया है। विधानसभा में प्रमाण पात्र लेने के बाद नव निर्वाचित संसद सदस्य डॉ सैनी को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बधाई दी। इसके बाद डॉ कल्पना सैनी ने उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की । इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर कल्पना सैनी को बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया ।

डॉ कल्पना सैनी ने शुक्रवार को विधानसभा भवन में विधानसभा के सचिव मुकेश सिंघल से राज्यसभा सदस्य का सर्टिफिकेट लिया। इसके उपरांत उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से भेंट की व कई विषयों पर वार्ता भी की । इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा सहित कई नेता व उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे।


# क्यूआर कोड के जरिये खूब हो रही धोखाधड़ी, बचने के लिए अपनाएं ये तरीके

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आजकल क्यूआर कोड की धोखाधड़ियां चरम पर हैं... न्यूज़ वायरस के ज़रिये हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्यूआर कोड क्या है और कैसे काम करता है. कैसे आप ऐसी धोखाधड़ियों से बच सकते हैं... सबसे पहले जानते हैं कि क्या है क्यूआर कोड और क्यों होता है इस्तेमाल -

क्यू आर का मतलब है क्विक रेस्पॉन्स. 1994 में एक जापानी ऑटोमोबाइल कंपनी डेन्सो वेयर ने इसे विकसित किया था. यह मैट्रिक्स बार कोड है. इसे मशीन के जरिये पढ़ा जा सकता है. इस कोड में जरूरी जानकारी होती है. जब इसे मशीन के जरिये पढ़ा जाता है तो सभी जानकारियां सामने आ जाती हैं. ये चीजों को पहचानने या इसकी ट्रैकिंग करने या फिर दूसरी जानकारियों के लिए आपको वेबसाइट की ओर ले जाने के लिए भी इस्तेमाल होता है. उदाहरण के लिए अगर हम किसी कार पर लगे कोड को स्कैन करेंगे तो कार की फंक्शनिंग सी जुड़ी जानकारी दिखने लगेगी. या फिर हमें यह जानकारी भी मिल जाएगी अपनी मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस के दौरान कार किन चरणों से गुजरी है... जापान में क्यूआर कोड का इस्तेमाल कब्रों में भी होता है. जैसे ही आप क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे सभी शोक संदेश आपके मोबाइल फोन की स्क्रीन पर दिखने लगेंगे.

क्यूआर कोड से पेमेंट हम क्यूआर कोड में अपने बैंक अकाउंट और यहां तक कि क्रेडिट कार्ड का ब्योरा भी डाल सकते हैं. हम इसे तरह भी डिजाइन कर सकते हैं कि ये पेमेंट प्रोवाइडर के लिए भी काम कर सके. आम तौर पर जब हमें किसी को पैसा भेजना होता है तो उसके अकाउंट का ब्योरा लेते हैं. उस अकाउंट नंबर को अपने अकाउंट से जोड़ते हैं और तब पैसे ट्रांसफर करते हैं. लेकिन उस अकाउंट का कोई क्यूआर कोड हो तो स्कैन करते ही हमें उसका पूरा ब्योरा मिल जाता है. इसके बाद हम पैसा तुरंत ट्रांसफर कर सकते हैं.







एक प्रतिष्ठित मीडिया हॉउस ने पिछले साल सितंबर महीने में एक स्टोरी छापी थी. इसमें कहा गया था कि क्यूआर और यूपीआई में 100 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.लेकिन कारोबारियों खास कर छोटे व्यापारियों का मानना है कि क्यूआर कोड ज्यादा उपयोगी है. कोड मिल जाने के बाद वे इसका प्रिंट आउट लेकर अपनी दुकान की दीवार पर चिपका देते हैं. इसके उलट उन्हें पीओएस मशीन खरीदने पर उन्हें कम से कम 12 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं. मोबाइल पीओएस मशीन खरीदने पर 5 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं. भविष्य में क्यूआर कोड बिल में भी छपे मिल सकते हैं. ग्राहकों को ऐप और वेबसाइट के जरिये इसके ब्योरे में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. बगैर किसी झंझट के इसे स्कैन कर पेमेंट कर सकते हैं.

# उत्तराखंड: आम पार्टी ने 2 मीडिया इंचार्ज समेत, 7 प्रदेश प्रवक्ता और 14 मीडिया पेनलिस्टों की लिस्ट की जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित जोशी ने प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आम आदमी पार्टी की प्रस्तुति को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक वाली के अनुमोदन के बाद टीवी चैनलों पर परिचर्चा करने हेतु अधिकृत टीवी पैनलिस्ट और प्रदेश प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की।

आम आदमी पार्टी ने गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र से रविंद्र सिंह आनंद और देवेंद्र सिंह कोटलिया को मीडिया इंचार्ज बनाया है। आम आदमी पार्टी ने 7 नए प्रदेश प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की जिनमें राजू मौर्य प्रदेश प्रवक्ता ,श्रीमती हेमा भंडारी प्रदेश प्रवक्ता ,एडवोकेट महक सिंह सैनी प्रदेश प्रवक्ता , प्रदीप दुमका प्रदेश प्रवक्ता , अखिलेश टम्टा प्रदेश प्रवक्ता ,सुश्री संगीता शर्मा प्रदेश प्रवक्ता और सुश्री पुष्पा चौहान प्रदेश प्रवक्ता।आम आदमी पार्टी ने आज 14 मीडिया पैनलिस्टों की लिस्ट भी जारी की जो आम आदमी का पक्ष मीडिया में रखेंगे,जिन लोगों को टीवी पैनलिस्ट की



जिम्मेदारी दी गई है उनके नाम इस प्रकार हैं। एडवोकेट बसंत कुमार वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, शिशुपाल रावत प्रदेश उपाध्यक्ष, दिग मोहन नेगी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती डिंपल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती उमा सिसोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू मौर्य प्रदेश प्रवक्ता, सुश्री पुष्पा चौहान प्रदेश प्रवक्ता, सुश्री संगीता शर्मा प्रदेश प्रवक्ता,श्रीमती हेमा भंडारी प्रदेश प्रवक्ता, अमेंद्र बिष्ट वरिष्ठ नेता, गणेश भट्ट वरिष्ठ नेता, विशाल चौधरी वरिष्ठ नेता, विजय सिंह कुमार जिला अध्यक्ष परवा दून, कुमारी आरती राणा युवा नेत्री।

# खुशखबरी : सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवा हो जाएं तैयार देशभर में शुरू होगी भर्ती





देश में तीन साल से स्थगित सेना भर्ती जल्द शुरू हो सकती है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने इसके संकेत दिए हैं। दून पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि सेना की भर्ती कोविड के हालातों में सुधार होते ही होगी। उन्होंने कहा कि कोविड कम हुआ है, लेकिन पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि कोविड की वजह से भर्ती के लिए युवाओं को आयु सीमा में छूट नहीं मिलेगी।

रक्षा राज्य मंत्री के मुताबिक देश में 11 क्षेत्रीय भर्ती कार्यालय, दो भर्ती डिपो, एक स्वतंत्र भर्ती कार्यालय और 70 सेना भर्ती कार्यालय हैं। इनमें हर साल 90 से 100 भर्ती रैलियां होती हैं। वर्ष 2018-19 में थल सेना में 53431, नौसेना में 5885 और वायु सेना में 6862 सैनिकों की भर्ती हुई जबकि 2019-20 में थल सेना में 80572, नौसेना में 6068 और वायु सेना में 7222 सैनिकों की भर्ती हुई, लेकिन इसके बाद 2020-21 से देश भर में थल सैनिकों की भर्ती नहीं हो पायी है।

हालांकि, वर्ष 2020-21 में नौ सेना के 2772 और वायु सेवा के 8423 सैनिकों की भर्ती हुई। इसी तरह 2021-22 में नौ सेना में 5547 और वायु सेना में 4609 सैनिकों की भर्ती हुई। रक्षा राज्य मंत्री के मुताबिक थल सेना में सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया हालांकि स्थगित है, लेकिन इसके बाद भी सैन्य व्यवस्था पूरी तरह चाकचौबंद है और हर मुकाबले के लिए तैयार है।

# प्रदेश में आज आए कोरोना के 12 नए मामले, एक मरीज हुआ स्वस्थ

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के 12 नए मामले मिले हैं, जबकि एक मरीज स्वस्थ हुआ है। कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। कोरोना संक्रमण दर 0.82 प्रतिशत रही। प्रदेश में फिलवक्त कोरोना के 79 सक्रिय मामले हैं। देहरादून में सबसे अधिक 57 सक्रिय मामले हैं। चंपावत व पिथौरागढ़ में कोरोना का कोई सक्रिय मरीज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, निजी व सरकारी लैब से 1464 सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिनमें 1452 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई है। देहरादून में सबसे अधिक सात लोग संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अल्मोड़ा, पौड़ी, हरिद्वार, टिहरी व ऊधमङ्कषसह नगर में एक-एक व्यक्ति संक्रमित मिला। इधर, विभिन्न जिलों से 1771 सैंपल कोरोना जांच को भेजे गए। शुक्रवार को न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने शिविर में मौजूद व्यक्तियों को योग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि व्यस्त जीवन में मनुष्य अपने शरीर पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण वह बीमार हो रहा है।



## संपादकीय

# बढ़ता जीएसटी संग्रह

भारत का वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी संग्रह मई में पिछले वर्ष के मुकाबले 44 फीसदी की वृद्धि के साथ 1.4 लाख करोड़ रुपये रहा. हालांकि, मासिक आधार पर इसमें 16 फीसदी की गिरावट आयी है. अप्रैल, 2022 में जीएसटी संग्रह सर्वकालिक उच्चतम स्तर 1.68 लाख करोड़ रुपये था. मार्च से लगातार तीसरे महीने में जीएसटी संग्रह 1.4 लाख करोड़ से अधिक रहा, जबकि लगातार 11वें महीने में जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ के ऊपर दर्ज हुआ है. नियमों के अनुपालन पर करदाताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट जैसे उपायों से अप्रैल, 2022 तक जीएसटी संग्रह में तेजी बनी रही. हालांकि, मई की मामूली गिरावट को उपभोक्ता बर्ताव और सामान्य व्यापारिक बदलाव के नजरिये से देखा जाना चाहिए. वित्त मंत्रालय के वक्तव्य के अनुसार, मई महीने में जीएसटी संग्रह, वित्तवर्ष के पहले महीने अप्रैल के रिटर्न से संबंधित है, वह हमेशा अप्रैल से कम रहा है, क्योंकि अप्रैल का संग्रह वित्त वर्ष के समापन महीने मार्च से संबंधित होता है. अप्रैल, 2022 में जारी कुल ई-वे बिलों की संख्या 7.4 करोड़ रही, जोकि मार्च 2022 के 7.7 करोड़ ई-वे बिलों के मुकाबले चार प्रतिशत कम है. हालिया भू-राजनीतिक घटनाओं और आर्थिक हलचल से दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के सामने कठिनाई आयी है. हालांकि, तीन महीने से लगातार जीएसटी संग्रह के 1.4 लाख करोड़ ऊपर रहना आर्थिक विकास का अच्छा संकेतक है और इसे जीडीपी आंकड़े समेत वृहद आर्थिक संकेतकों से भी जोड़ा जा सकता है. विशेषज्ञों का भी मानना है कि कर चोरी के खिलाफ ऑडिट और एनालिटिक्स जैसे बेहतर प्रयासों के चलते जीएसटी संग्रह में बढ़त देखी जा रही है. हालांकि, मुद्रास्फीति के मौजूदा रुझान और वृहत्तर आर्थिक कारणों को देखते हुए सरकार के सामने कर संग्रह के इन आंकड़ों को बरकरार रखने की बड़ी चुनौती होगी. लगातार उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद समग्र मांग में लचीलापन रहने से पिछले महीने फैक्ट्री गतिविधि भी उम्मीद से बेहतर रही है. वृद्धि की राह पर होने के बावजूद आंकड़े बहुत असरकारक नहीं हैं. खपत की स्थिति संतोषजनक नहीं है, फिर भी शहरी खपत अपेक्षाकृत बेहतर है. सार्वजनिक पूंजी खर्च में तेजी आ रही है और सरकार भी निवेश के माध्यम से सुधार के लिए प्रयासरत है. महंगाई के आठ साल के उच्चतम स्तर पर रहने, ऊर्जा कीमतों में अनियंत्रित वृद्धि, कमोडिटी कीमतों में तेजी वर्तमान में अर्थव्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती है. रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष की अनिश्चितता दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए समस्या बनी हुई है. इन सबके बीच अच्छे मॉनसून की भविष्यवाणी राहत भरी है. अच्छी बारिश से न केवल कृषि क्षेत्र को मदद मिलेगी, बल्कि कीमतों की तेजी में भी ठंडक आयेगी. महंगाई का मौजूदा रुझान निकट भविष्य में अर्थव्यवस्था के लिए समस्याजनक बन सकता है. ऐसे में उम्मीद है कि अच्छे मॉनसून से ग्रामीण मांग में बेहतरी आयेगी, जिससे अर्थव्यवस्था के सुधार को भी गति मिलेगी.

# 5 रूपये में खाना खिला रहे डीएम डॉ राजेश कुमार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



आपको यकीन हो न हो लेकिन ये खबर सच है कि डीएम देहरादून की कोशिशों के बाद अब चार धाम यात्रियों को केवल 5 रूपये में भरपेट भोजन मिल रहा है। इस बारे में हम आपको आगे बताते हैं लेकिन पहले बात चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की करते हैं जहाँ तीर्थयात्रियों के लिए आरामदायक और यादगार बनाने के लिए देहरादून के जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार बेहद गंभीर और सक्रिय है। लिहाज़ा डीएम खुद लगातार मॉनिटरिंग और औचक निरीक्षण भी करते रहते हैं। देहरादून से लेकर ऋषिकेश तक पूरी यात्रा व्यवस्था प्रदेश सरकार के आदेशों के अनुरूप बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन की टीम भी गंभीरता से जुटी हुई है।

यही वजह है है कि यात्रियों को बेहतर और सहूलियत भरी यात्रा का अवसर उपलब्ध कराया जा सका है। आपको यहाँ ये बता दें कि बीते दो दिन पहले ही डीएम राजेश कुमार ने ऋषिकेश पहुँच कर यात्रियों को शीतल पेयजल, बैठने, भोजन, टोकन वितरण, पंजीयन, प्रसाधन एवं सफाई आदि व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के साथ ही यात्रियों को विश्राम स्थल पर ही टोकन वितरण किए जाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही विभिन्न संगठनों/संस्थानों से सहयोग करने की अपेक्षा की थी।

संवेदनशील और जनहित के मुद्दों पर तेज़ी दिखाने वाले देहरादून के जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा दिए गए निर्देशों का असर भी अब नज़र आ रहा है। चारधाम यात्रा से जुड़ी प्रशासन की टीम द्वारा स्थानीय ट्रस्टी/संस्थाओं के गणमान्य के सहयोग से यात्रियों को सुव्यवस्थित रूप में निःशुल्क भोजन कराया जा रहा है। वहीं एक ट्रस्टी ने तो डीएम की अपील पर आगे बढ़ते हुए केवल 5 रू0 में यात्रियों को भरपेट भोजन कराना शुरू कर दिया है। इसके बाद लोग डीएम राजेश कुमार को दिल से धन्यवाद देते भी नज़र आये हैं। यात्रियों को आईएसबीटी में पेयजल हेतु कैंपर, टैंकर, प्याऊ, आदि स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वहीं नगर निगम द्वारा आईएसबीटी परिसर में यात्रियों को बैठने हेतु बैंच आदि भी लगाये गए हैं तथा साफ-सफाई आदि कार्यों को भी सुव्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने तैनात सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि बाहर से आने वाले चारधाम यात्रियों हेतु समुचित व्यवस्थाओं को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाए ताकि किसी भी यात्री को किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो इस बात को गम्भीरता से लेना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टोकन वितरण में यह ध्यान रहे कि यात्री अपने समूह के साथ पंजीकरण करा सकें ताकि कोई यात्री समूह के साथ यात्रा कर पाए।

जिलाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने यात्रा ड्यूटी से जुड़े सभी कार्मिकों को अपनी दायित्वों को कार्य न समझकर बल्कि सेवा की भावना से निर्वहन करने को कहा। वहीं उन्होंने विभिन्न संस्थाओं/संगठनों द्वारा चारधाम यात्रा में आए यात्रियों के साथ नवाचार अपनाते हुए यात्रियों हेतु विभिन्न व्यवस्थाएं बनाने में प्रशासन का सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया तथा अपेक्षा की अन्य संगठन भी इस प्रकार के सेवा भाव अपनाते हुए "अतिथि देवो भव" की हमारे देश परम्परा/सभ्यता का निर्वहन करेंगे।

# हृदयाघात से केदारनाथ में चार तीर्थ यात्रियों की मौत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



रुद्रप्रयाग। केदारपुरी का विषम भूगोल लगातार तीर्थ यात्रियों की सांस अटका रहा है। चारधाम में हृदयाघात से अब तक सबसे अधिक तीर्थ यात्रियों की मौत केदारनाथ धाम में ही हुई है।

शुक्रवार को चार और तीर्थ यात्रियों की मौत के बाद यह संख्या 58 पहुंच गई। जबकि, चारों धाम में अब तक 122 तीर्थ यात्रियों ने दम तोड़ चुके हैं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को केदारनाथ धाम जा रहे नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी आदित्य अनंत (31) को अचानक तबीयत बिगड़ने पर सोनप्रयाग चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जबकि, अहमदाबाद (गुजरात) निवासी बौयानी हरि भाई (63) और मालेगांव (महाराष्ट्र) निवासी दिलीप अय्यर (62) की मौत केदारनाथ चिकित्सालय में हुई।

वहीं, मध्य प्रदेश निवासी दौलत (55) को सीतापुर पार्किंग में सीने में तेज दर्द उठने पर सोनप्रयाग चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीर्थयात्रियों का पंजीकरण समाप्त कराने की मार्ग को लेकर होटल व्यवसायियों ने 5 जून को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने की चेतावनी दी है। होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में होटल एसोसिएशन ने अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह को ज्ञापन दिया। चारधाम यात्रा के लिए आनलाइन पंजीकरण की बाध्यता व यात्रियों की सीमित संख्या के चलते बुकिंग के बावजूद भी होटल के कमरे खाली हैं। सरकार से आनलाइन पंजीकरण की बाध्यता समाप्त किए जाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। लेकिन सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। जिसका खामियाजा होटल व्यवसायियों को उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में दीपेंद्र पंवार, रविंद्र नेगी, जगेंद्र भंडारी, धनपाल पंवार, बिंदेश कुड़ियाल, अजय पुरी, सुभाष कुमाईं, अरविंद कुड़ियाल, रमेश पैन्यूली, आमोद पंवार, विशेष जगूड़ी, प्रमोद राणाख महावीर राणा, धीरज सेमवाल आदि शामिल थे।

# शिवम के आलराउंड प्रदर्शन से फाइनल में पहुंची इंडियन रेलवे, शनिवार को खेला जाएगा दूसरा सेमीफाइनल

देहरादूनः 38वें आल इंडिया गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम सेमीफाइनल में शिवम चौधरी के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंडियन रेलवे ने फूड कारपोरेशन आफ इंडिया को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। शिवम चौधरी ने पहले गेंदबाजी में नौ ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट झटके। जबकि बल्लेबाजी में 97 गेंद में 105 रन की शतकीय पारी खेल टीम को फाइनल में स्थान दिलाया। आज लाल बहादुर शास्त्री क्लब और स्पोर्टिंग क्लब के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। शुक्रवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज में पहला सेमीफाइनल मैच इंडियन रेलवे और फूड कारपोरेशन आफ इंडिया के बीच खेला गया। जिसमें इंडियन रेलवे ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण को चुना। पहले खेलते हुए फूड कारपोरेशन आफ इंडिया ने उमंग शर्मा 50, ऋषि धवन 42 व अंकित कुमार की 35 रन की पारी के दम पर 42.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 236 रन बनाए। इंडियन रेलवे के लिए शिवम चौधरी ने तीन व हर्ष त्यागी ने दो विकेट झटके। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंडियन रेलवे की टीम को पारस मल्होत्रा 8 के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद शिवम चौधरी व विवेक सिंह ने दूसरे विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। इंडियन रेलवे ने 36.4 ओवर में ही 237 रन बनाकर मुकाबले को सात विकेट से जीत लिया।

# घाटी में ही रहेंगे कश्मीरी हिंदू, गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को दिए सख्त कदम उठाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग रोकने के लिए सख्त और सटीक कदम उठाए जाएंगे। कश्मीर घाटी से हिंदुओं को बाहर नहीं निकाला जाएगा। घाटी में ही उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में इसके लिए तैयार रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को टारगेट किलिंग जैसी घटनाओं में शामिल आतंकियों और उनसे जुड़े ओवर ग्राउंड वर्कर्स के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करना और सीमा पार से जीरो घुसपैठ का लक्ष्य हासिल करना सरकार की प्राथमिकता है।



पिछले कुछ दिनों से कश्मीर घाटी में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बाद गृह मंत्रालय में हुई पहली उच्च स्तरीय बैठक में अमित शाह के साथ ही जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, एनएसए अजीत डोभाल, रा प्रमुख सामंत गोयल, आइबी प्रमुख अरविंद कुमार, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, गृह सचिव अजय भल्ला और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दो हफ्ते के भीतर जम्मू-कश्मीर के हालात पर अमित शाह की यह दूसरी उच्च स्तरीय बैठक थी।

बैठक में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से बताया गया कि बड़ी आतंकी वारदातों को अंजाम देने में विफल होने के बाद आतंकी हताशा में साफ्ट टारगेट को निशाना बना रहे हैं और यह काम युवाओं को पैसे देकर कराया जा रहा है। एजेंसियों ने भरोसा दिया कि पिछले साल अक्टूबर में वे इसी तरह के हाइब्रिड आतंकियों से निपटने में कामयाब रहे थे और इस बार भी उनपर लगाम लगाने में सफल होंगे।

कश्मीर में हिंदुओं की लगातार हो रही टारगेट किलिंग की वारदातों को गृह मंत्रालय ने गंभीरता से लिया है।

बैठक में भाग लेने आए जम्मू-कश्मीर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने टारगेट किलिंग को देखते हुए कश्मीर घाटी से हिंदुओं को बाहर निकाले जाने की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल लगभग छह हजार हिंदू कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। लेकिन उन्हें पूरी तरह से घाटी से निकालने की 1990 की गलती नहीं दोहराई जाएगी।

आतंकियों को टारगेट किलिंग का मकसद भी भय फैलाकर अल्पसंख्यक हिंदुओं को घाटी से बाहर निकलने के लिए मजबूर करना है, लेकिन इस बार उनकी साजिश सफल नहीं हो पाएगी।

अधिकारी के अनुसार घाटी में हालात तेजी से सुधर रहे हैं और आतंकी व अलगाववादी पूरी तरह से हाशिये पर हैं। इसके लिए उन्होंने अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी की मौत और आतंकी यासीन मलिक को हुई उम्रकैद की सजा का हवाला दिया। उनके अनुसार इन दोनों की घटनाओं पर घाटी में पूरी तरह से शांत रही, जबकि इसके पहले बुरहान वानी के एनकाउंटर से लेकर अन्य घटनाओं के समय घाटी कई दिनों तक अशांत हो जाती थी।

जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले दो सालों से रिकार्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना यहां के बदलते माहौल को दर्शाता है। उनके अनुसार इस साल अभी तक 10 लाख से अधिक पर्यटक घाटी में आ चुके हैं। इसके साथ ही 15 जून को श्रीनगर में फिल्म फेस्टिवल भी शुरू होने जा रहा है, जबकि आतंकवाद शुरू होने के बाद घाटी में सभी सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया था।

अधिकारी ने यह भी साफ कर दिया कि ताजा घटनाक्रम के बावजूद सालाना अमरनाथ यात्रा अपने तय समय के हिसाब से शुरू होगी और उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## उत्तराखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, मैदानों में लू, पहाड़ों में ओलावृष्टि की चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। पारे के रिकार्ड स्तर पर पहुंचने से मैदानी इलाकों में जनजीवन प्रभावित है। दोपहर में लू के थपेड़े परीक्षा ले रहे हैं। फिलहाल अगले कुछ दिन राहत मिलने की उम्मीद कम है। मौसम विज्ञान केंद्र अनुसार, आगामी सात जून तक प्रदेश में लू का प्रकोप जारी रहेगा। प्रदेश में कहीं-कहीं अंधड़ और ओलावृष्टि को लेकर चेतावनी जारी की गई है।



प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है और तापमान उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। बीते गुरुवार को अधिकतम तापमान ने 10 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। शुक्रवार को पारे में मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। वहीं, लू चलने के कारण दुश्वारियां और बढ़ गई हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश में रविवार और सोमवार को पर्वतीय इलाकों में ओलावृष्टि हो सकती है। जबकि, मंगलवार और बुधवार को मैदानी इलाकों में 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चल सकता है। इस दौरान अगले पांच दिन मैदानों में लू का प्रभाव जारी रहेगा।

## गिरोह का पर्दाफाश : रुपये दोगुने करने का झांसा देकर करते थे ठगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नानकमत्ता (ऊधमसिंह नगर) ।रुपये दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हो गया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने खुलासा करते हुए कहा कि पुलिस ने घटना के 12 घंटे के अंदर गिरोह के सरगना समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से ठगी गई 13.50 लाख की रकम में से आठ लाख रुपये, घटना में प्रयुक्त कार, दोनाली लाइसेंसी बंदूक, रुपये दोगुने करने का झांसा देने वाली मशीन को बरामद किया है।

बृहस्पतिवार को थाना परिसर में एसपी सिटी ने घटना का खुलासा किया। बताया कि नगर निवासी अमरीक सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर ग्राम टुकड़ी निवासी करनैल सिंह, उसकी पत्नी कुलविंदर कौर और ग्राम बनगवां थाना खटीमा निवासी इंद्रपाल सिंह पर रुपये दोगुना करने का झांसा देकर 13.50 लाख की ठगी करने का आरोप लगाया था। बताया कि 31 मई की रात को जब रुपये दोगुने होने का समय था तभी कार से आए तीन लोगों ने मारपीट कर दोनाली बंदूक के बल पर आठ लाख रुपये, करनैल सिंह व इंद्रपाल सिंह का कथित रूप से अपहरण कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सरोजा रोड से घटना में शामिल इंद्रपाल सिंह, करनैल सिंह, उसकी पत्नी कुलविंदर कौर, नौगवांठग्गू थाना खटीमा निवासी सोहन सिंह, विजयपुर पकड़िया थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत निवासी बलविंदर सिंह व ग्राम रघुलिया थाना खटीमा निवासी गुरमेज सिंह को मय कार के दबोच लिया।

आरोपियों के कब्जे से ठगी गई रकम में से आठ लाख, भूरे व सफेद रंग के नोट के बराबर कागज के टुकड़े, नोट दोगुने करने का झांसा देने वाली मशीन और दोनाली लाइसेंसी बंदूक बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## कानपुर में हिंसा पर सीएम योगी की कड़ी चेतावनी, बख्शे नहीं जाएंगे माहौल बिगाड़ने वाले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश में शांति का माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाए। कानपुर में शुक्रवार जुमे की नमाज के बाद दो समुदायों के बीच हुए तनाव को लेकर सीएम योगी ने वहां के पुलिस कमिश्नर को दोषियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने तथा बिना किसी रियायत कठोर कार्रवाई करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शांति में खलल पैदा होने पर हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।




सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार रात गोरखपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने विशेष तौर पर कानपुर में हुई घटना की जानकारी ली और पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी जिलों में प्रशासन व पुलिस के अधिकारी छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लें। सूचना के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि थानावार अराजक तत्वों को चिन्हित किया जाए। इसके साथ ही अनावश्यक बयान देने वालों की भी पहचान कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के दुरुपयोग को लेकर प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

चिन्हित किए जाएं अवैध धार्मिक स्थल : मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में अभियान चलाकर अवैध और सड़क पर अतिक्रमण करने वाले धार्मिक स्थलों को चिन्हित किया जाए। चिन्हीकरण के बाद विधिक कार्रवाई की कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर धार्मिक गतिविधियां न आयोजित हों। गत दिनों अभियान चलाकर धार्मिक स्थलों से या तो माइक उतारे गए हैं या उनकी आवाज कम की गई है। यह सुनिश्चित किया जाए कि दोबारा धार्मिक स्थलों के माइक की आवाज तेज न हो। कानून व्यवस्था की समीक्षा करेगा मंत्री स्तरीय समूह : सीएम योगी ने सभी जिलों के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 जून तक सभी सड़कें अतिक्रमण मुक्त होनी चाहिए। अवैध टेंपो स्टैंड हटा दिए जाएं। बसों को भी उनके यथा स्थान पर ही खड़ा कराया जाए। किसी भी प्रतिष्ठान के स्वामी सड़क पर आगे बढ़कर दुकान न लगाएं। स्ट्रीट वेंडरों का व्यवस्थित पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री स्तरीय समूह 11 जून से पुनः मंडलीय व जनपदीय दौरे पर जाएगा। यह समूह इन बिंदुओं के साथ कानून व्यवस्था की भी समीक्षा करेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा